दिनांकः 24.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में दूसरे चरण की 13 लोकसभा सीटों पर आज शाम थमेगा चुनाव प्रचार–26 अप्रैल को मतदान।
- प्रचार का अंतिम दिन होने के कारण स्टार प्रचारक और नेता मतदाताओं को रिझाने में झोंक रहे हैं पूरी ताकत।
- मतदाता जागरुकता के लिए आयोजित सतरंगी सप्ताह का समापन–अंतिम दिन लाल रंग की थीम पर दीपदान के कार्यक्रम।
- प्रदेश में लू और तापघात से बचाव के लिए बनायी जाएगी कार्य योजना।

......................

प्रदेश में दूसरे चरण की 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार आज शाम छह बजे समाप्त हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आज शाम से मतदान समाप्ति अवधि 26 अप्रैल को शाम 6 बजे तक प्रचार पर प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि के दौरान कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस आयोजित नहीं हो सकेगा। अंतरराज्यीय सीमाएं भी सील रहेंगी। साथ ही ओपिनियन पोल या अन्य पोल सर्वे के प्रसारण पर रोक रहेगी। एग्जिट पोल पर आम चुनाव के सातवें चरण के मतदान दिवस 1 जून को शाम साढे छह बजे तक प्रतिबंध जारी रहेगा। दूसरे चरण में टोंक–सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाडा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़–बारां संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा।

......................

चुनाव प्रचार का अंतिम दिन होने के कारण आज विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और नेता प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। आज वरिष्ठ नेताओं के कई स्थानों पर जनसभाओं और रोड़ शो के कार्यक्रम हैं। सुबह से ही ये नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जुट रहे हैं। भाजपा नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रतापगढ़ के धमोत्तर और केकड़ी के सरवाड़ में आमसभा करेंगे। इसके अलावा वे भीलवाड़ा में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित भी करेंगे। इससे पहले कल रात मुख्यमंत्री ने डूंगरपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। उन्होंने बांसवाडा और उदयपुर सीट पर प्रचार को लेकर कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा आज चित्तौड़गढ़ में जनसभा करेंगे। वहीं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भीलवाडा और सवाईमाधोपुर में रोड़ शो करेंगी।
पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सचिन पायलट सवाईमाधोपुर के चकबिलोली में पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में रोड़ शो करेंगे। कई अन्य दलों के नेताओं का भी विभिन्न स्थानों पर सभा का कार्यक्रम है। हमारे बाड़मेर संवाददाता ने बताया कि वहां भी प्रचार अभियान जोर शोर से जारी है।

......................

आम चुनाव के पहले चरण के तहत प्रदेश के 12 लोकसभा क्षेत्रों में शहरी इलाकों में ग्रामीण के मुकाबले अधिक मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में 60 दशमलव सात नौ प्रतिशत और ग्रामीण इलाकों में 56 दशमलव चार फीसदी मतदान हुआ है। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में सबसे ज्यादा 65 दशमलव पांच सात प्रतिशत मतदान श्रीगंगानगर और सबसे कम 52 दशमलव एक आठ प्रतिशत मतदान भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में हुआ है।

......................

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरुकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। अब हम इस संदेश श्रृंखला में गांव–ढाणी या मोहल्ले में एक साथ चार–पांच लोगों यानि समूह में भेजे गये संदेशों को भी शामिल कर रहे हैं। आज सुनिये राजसमंद से हमारे श्रोता का संदेश –

......................

प्रदेश में दूसरे चरण के चुनाव वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता के लिए मनाये जा रहे सतरंगी सप्ताह का कल समापन हुआ। इसके माध्यम से रोजाना अलग–अलग रंगों की थीम पर स्लोगन के साथ लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। सप्ताह के अंतिम दिन कल लाल रंग की थीम पर ''लालच पर करेंगे चोट, सोच समझ कर करेंगे वोट'' स्लोगन के साथ मतदान का संदेश दिया गया है। अजमेर में दीपदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी बीएलओ और सुपरवाइजर सहित कई लोगों ने लाल कपड़े पहनकर मतदान की अपील की। जोधपुर में रातानाड़ा के गणेश मंदिर परिसर में दीपदान का कार्यक्रम आयोजित हुआ। दीपकों के माध्यम से ''हैलो जोधपुर वोट जोधपुर'' का स्लोगन बनाकर मतदान का आह्वान किया गया। जैसलमेर और झालावाड़ में स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली से वोट ट्री बनाकर दीप प्रज्ज्वलित किये गये। सांचौर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से पीले चावल बांटकर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बनने की अपील की जा रही है। पाली जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री ने मतदान प्रतिशत बढाने के लिए नवाचार किया है।

इसके तहत पिछले लोकसभा चुनाव के मतदान के मुकाबले पांच प्रतिशत से अधिक वृद्धि करने वाले मतदान केन्द्र के हैला टोली सदस्यों को उपखंड स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। वहीं सात प्रतिशत से अधिक बढोतरी करने पर जिला स्तर पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। अजमेर में भी नवाचार के तहत स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशन में 27 प्रशासनिक अधिकारियों ने निजी विद्यालयों में सुबह प्रार्थना सभा के दौरान जाकर विद्यार्थियों के माध्यम से उनके अभिभावकों से वोटिंग अपील करते हुए संवाद किया। नोडल अधिकारी ने बताया कि संस्था अधिकारियों को वोटिंग अपील का वीडियो बनाकर कक्षा के व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करने को कहा गया है। उधर, सवाईमाधोपुर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव ने मतदाताओं से 26 अप्रैल को वोट अवश्य डालने की अपील की है।

......................

प्रदेश में लू और तापघात से बचाव के लिए कार्य योजना बनायी जाएगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कल इस संबंध में विभिन्न विभागों को एक्शन प्लान बनाने और इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। श्रीमती सिंह ने जलवायु परिवर्तन पर गठित मल्टी–सेक्टोरल स्टेट लेवल टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन करने को कहा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदेश में भीषण गर्मी और अत्यधिक लू की चेतावनी दी है। इसे ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने स्थानीय निकाय विभाग को निर्देश दिये कि सरकारी और निजी अस्पतालों के साथ ही अन्य संस्थानों में फायर ऑडिट और फायर एनओसी के कार्य को अभियान चलाकर जल्द से जल्द पूरा करें।

......................